

## भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय में लहराया भाजपा का ध्वज

▶ विधायक सहित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने साझा किए अनुभव

**पानसेमल, ( नवभारत )।** विधायक श्याम बर्डे के कार्यालय पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण के साथ पार्टी के पितृ पुरुषों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। विधायक श्याम बर्डे सहित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकता देवराज पाटिल ने कार्यालय पर भाजपा ध्वज लहराया।

ध्वजारोहण के बाद कार्यालय में पार्टी की स्थापना संघर्ष एवं पार्टी की वर्तमान स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किए। करीब 30 वर्षों से पार्टी का कार्य कर रहे राजेंद्र शितोले ने कहा कि जनसंघ के समय से वे पार्टी का कार्य कर रहे हैं। एक समय था जब पार्टी का मजाक उड़ाया जाता था, लेकिन इसके बाद भी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी मेहनत और जनहित के उद्देश्य से पार्टी को शिखर पर पहुंचाया।

विधायक श्याम बर्डे ने कहा कि एक छोटे से कार्यकर्ता को शीर्ष तक का सफर तय कराने वाली पार्टी केवल भाजपा ही है जो कभी भी किसी कार्यकर्ता में भेदभाव नहीं करती। पार्टी में जिम्मेदारी बदलती रहती है, लेकिन वह केवल कार्यकर्ता ही बनकर कार्य करता है। विधायक ने वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई।

प्रकाश जोशी ने बताया कि उन्हें पार्टी में करीब 27 वर्ष हो चुके है। शुरूआत में पार्टी का नाम जनसंघ था और निशान दीपक हुआ करता था। जिसके बाद, एमएम में जनता पार्टी नाम ओर खेत में हल चलाता हुआ किसान चिन्ह था। इसके बाद में भाजपा और कमल के फूल को अपनी पार्टी का निशान बनाया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम सोनाने ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि के साथ भाजपा कार्य करती है। शून्य से लेकर शिखर तक का सफर तय करते हुए निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। स्थापना दिवस पर वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन मिला। पार्टी में समर्पण भाव से कार्य करने वाले पितृ पुरुषों के भी याद किया।

### घरों पर फहराया भाजपा का ध्वज

इस अवसर पर नप उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी, पार्षद सलोनी राणा, जपं सदस्य जगदीश भंडारी, वरिष्ठ नेता देवराज पाटिल, गोविंद जोशी, कन्हैया जैन, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन, देवीदास साटोटे, प्रेमसिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष चेनसिंह गदरे, नगर पटेल संजीव सांवले, विक्की सिरसाठ, दिनेश जाधव, सरपंच, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंडल के बूथों पर स्थानीय समिति के अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वज फहराया।

## गर्मी का बाजार पर असर, कूलर-फ्रिज की बिक्री तेज

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले में बढ़ती गर्मी का असर बाजारों में दिखाई देने लगा है। तापमान बढ़ने के साथ ही कूलर, फ्रिज, पंखे और एसी की मांग तेजी से बढ़ गई है। स्थिति यह है कि जिले में रोजाना औसतन 150 कूलर, 30 फ्रिज और 250 से अधिक पंखे बिक रहे हैं। बढ़ती मांग को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों को इस सीजन में करीब 10 करोड़ रुपए के कारोबार की उम्मीद है।



खास बात यह है कि शादी-विवाह के सीजन ने इस मांग को और बढ़ा दिया है। बेटियों के विवाह में दहेज के रूप में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान देने की परंपरा के चलते खरीदारी में उछाल आया है। व्यापारियों के अनुसार शहर में करीब 10 बड़ी और 25 छोटी इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानें हैं। दुकानदार ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कूलर और फ्रिज दुकानों के बाहर सजा रहे हैं। वहीं मरम्मत कार्य में भी तेजी आई है। कुल मिलाकर इस बार गर्मी और विवाह सीजन के चलते इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है।

### अप्रैल से जून तक चलने वाले विवाह सीजन से बढ़ी बिक्री

अप्रैल से जून तक चलने वाले विवाह सीजन ने इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार को और गति दी है। दहेज में एसीए कूलरए फ्रिज और अन्य उपकरण देने की परंपरा के चलते खरीदारी बढ़ गई है। दुकानदारों के अनुसार पिछले एक सप्ताह में बिक्री में तेजी आई है और ग्राहकों की भीड़ बढ़ी है। इसके लिए दुकानों में विभिन्न मॉडल और कीमतों के उत्पादों का पर्याप्त स्टॉक रखा गया है। बाजार में एलईडी टीवी और वॉशिंग मशीन की मांग भी बढ़ी है।

### कीमतों में भी आई तेजी

एसी की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। इंस्टॉलेशन से जुड़े सलीम खान के अनुसार शहर में रोजाना 5 से 7 एसी बिक रहे हैं। डेढ़ टन क्षमता वाले एसी की कीमत करीब 37 हजार रुपए से शुरू होती है। वहीं कूलर 2ए800 से 17 हजार रुपए तक उपलब्ध हैंए जिनमें 9 से 10 हजार रुपए वाले कूलर सबसे ज्यादा बिक रहे हैं। फ्रिज की कीमत 10 हजार से 50 हजार रुपए तक हैए लेकिन 12 से 18 हजार रुपए की रेंज में सबसे ज्यादा मांग है। कुल मिलाकर रोजाना करीब 30 लाख रुपए का कारोबार हो रहा है।

### ग्राहकों ने बताया महंगाई के बाद भी जरूरी...

महेंद्र पटेल ने बताया कि महंगाई के बावजूद बेटी की शादी में एसी, कूलर देना जरूरी हो गया है। जिसके लिए करीब 2 लाख रुपए खर्च किए। वहीं रणजीत पांडे ने बताया कि गर्मी बढ़ने से उन्होंने 42 हजार रुपए में नया एसी खरीदा, जिससे अब राहत मिल रही है। ग्राहकों के अनुसार गर्मी के कारण अब ये उपकरण जरूरत बन चुके हैं, जिससे बाजार में मांग बढ़ रही है।

## गायत्री परिवार कर रहा आयोजन

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले की वरला तहसील के दुगानी, धवली, आमलिया पानी में दीप यज्ञ, एक कुण्डी गायत्री यज्ञ सम्पन्न हुए। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में जन्म शताब्दी आयोजन के लिए किए गए संकल्प ग्राम-ग्राम यज्ञ अभियान का प्रारंभ हुआ। ग्राम डोंगलिया पानी के आयोजन में व्यसन मुक्त अभियान पर आदिवासी भाषा में नरेंद्र डावर साली टांडा शक्ति पीठ प्रबंधन ट्रस्टी ने समझाया।



वहीं जिला समन्वयक विक्रम जमरे, तहसील समन्वयक विकास पालीवाल द्वारा वरला तहसील में गृहे-गृहे यज्ञ, साधना एवं व्यसन मुक्ति अभियान को लेकर विस्तृत कार्य योजना बनाई गई। खुमसिंग चौहान धवली द्वारा व्यसन मुक्त संकल्प के साथ आम के पौधे का वितरण किया जा रहा है और शराब में लिप्त परिवारों को शराब त्यागने की औषधि नि:शुल्क वितरण की जा रही है।

प्रांतीय प्रतिनिधि महेंद्र भावसार ने बताया कि यज्ञ में ग्रामीण अंचल के परिजनों में आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। यज्ञ में विश्व कल्याण, पर्यावरण शुद्धि और मानव मात्र की मंगल कामना के साथ परिजनों द्वारा आहुतियां समर्पित की गई। गायत्री आश्रम के व्यवस्थापक दयाराम जाधव टोली द्वारा ग्राम संपर्क किया जा रहा है। साथ ही सामूहिक साधना अभियान प्रभारी रूमांलसिह आर्य, मोहन नरगावे, सुरेश, मोहन लाल, रामेश्वर आर्य का भी सहयोग मिल रहा है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, भारतीय संस्कार परंपरा से नई पीढ़ी को परिचित कर समाज को एकजुट कर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता रहेगा।

## 47वां स्थापना दिवस मनाया

▶ भाजपा का ध्वज पूजन के साथ की कार्यक्रम की शुरूआत

**सेंधवा, ( नवभारत )।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सोमवार को दोपहर 11 बजे नगर पालिका जनसंपर्क कार्यालय में मनाया।



कार्यक्रम की शुरुआत नपा अध्यक्ष बसंती बाई यादव द्वारा पार्टी ध्वज के पूजन से हुई। उन्होंने ध्वज पर पुष्पमाला अर्पित कर नमन किया। जिसके कार्यकर्ताओं ने भी पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल ने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ भाजपा नेता विकास आर्य ने कहा कि पार्टी आज जिस ऊंचाई पर पहुंची है, वह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम व समर्पण का परिणाम है। नपा अध्यक्ष बसंती बाई यादव ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास के कारण ही पार्टी निरंतर प्रगति कर रही है।

एस वीरा स्वामी, संजय यादव, राहुल पवार, लक्ष्मी शर्मा, लता पटेल, छोटू चौधरी, विवेक छाबड़ा, गणेश राठौड़, ज्योत्सना दीवान, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और मिठाई वितरण के साथ हुआ।

## मेंटेनेंस के चलते आज बंद रहेगी बिजली

**बड़वानी।** मेंटेनेंस कार्य के चलते मंगलवार को शहर के कई क्षेत्रों में विद्युत सप्लाय बंद रहेगा। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड के कनिष्ठ यंत्री (शहर) से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल को सुबह 7 से 11 बजे तक केव्ही डीआरपी फीडर पर मैंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। जिस कारण से पाला बाजार, बोहरा मस्जिद, जैन मंदिर, कालका माता मंदिर, चंचल चौराहा, लक्ष्मी स्नेह नगर व आसपास के क्षेत्रों में विद्युत बंद रहेगी।

एक नजर में

## कलेक्टर नीतू माथुर के नेतृत्व में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का किया प्रभावी क्रियान्वयन

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारी द्वारा बताया कि स्वास्थ्य विभाग को नोडल एजेंसी बनाकर जिले में तंबाकू नियंत्रण अधिनियम 2003 की धारा 4, 5, 6 एवं 7 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन द्वारा संयुक्त प्रयास किए जा रहे हैं। जिले के 6 विकासखंडों में सार्वजनिक स्थानों और तंबाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानों पर अनुपालन सर्वेक्षण कराया गया, जिसमें 664 सार्वजनिक संस्थानों और 183 दुकानों का निरीक्षण किया गया। सर्वेक्षण में धूम्रपान निषेध, विज्ञापन प्रतिबंध,नाबालिगों को बिक्री रोकने तथा स्वास्थ्य चेतावनियों की उपलब्धता जैसे मानकों का आकलन किया गया। परिणामों में अधिकांश बिंदुओं पर उच्च स्तर का अनुपालन पाया गया। विशेष रूप से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध, विज्ञापन प्रतिबंध और चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनियों की उपस्थिति संतोषजनक रही। इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क द्वारा किए गए इस मूल्यांकन में आलीराजपुर जिले ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर तंबाकू नियंत्रण कानून की धाराओं के पालन के अनुरूप पाया गया। जिले की इस उपलब्धि पर कलेक्टर को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### बढ़ती गर्मी को देखते हुए आंगनवाड़ियों का समय बदला

**आलीराजपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के उप सचिव द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार वर्तमान ग्रीष्मकालीन मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। ध्यातव्य है कि आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन का समय पूर्व में सुबह 9 बजे से दोपहर 04 बजे तक निर्धारित था। कलेक्टर नीतू माथुर ने जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन सुबह 8 बजे से दोपहर 03 बजे तक करने के आदेश जारी किए है। यह व्यवस्था गर्मी के मौसम में बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है। संबंधित अधिकारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि आंगनवाड़ी संचालन के लिए संशोधित समय-सारिणी का पालन सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### 1100 श्री हनुमान चालीसा संगठित पाठ संकल्प का भव्य समापन

**महू.** श्री रामा सामाजिक सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति (रामा दल) के संस्थापक और अध्यक्ष लोकेश शर्मा के मार्गदर्शन में हिन्दू शक्ति को संगठित करने के उद्देश्य से वार्ड 1 के स्थानीय कनॉट रोड स्थित पिपलेश्वर गणेश मंदिर पर 1100 श्री हनुमान चालीसा पाठ सैकड़ों सनातनी महिला-पुरुषों, वरिष्ठ जन, प्रमुख व्यापारी बंधुओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया. विशेष अतिथि के रूप में प्रमुख डेरी व्यवसाई वासुदेव प्रेमी, प्रसिद्ध ज्योतिष रमेश चंद्र शर्मा (कलवा महाराज) एवं प्रसिद्ध व्यवसाई राजेश अग्रवाल (सांची डेरी) के साथ ही वार्ड एक के विभिन्न मंदिरों के आचार्य नरसिंह मंदिर से मोहन शर्मा, गोवर्धन नाथ मंदिर से माधव प्रसाद भट्ट, मुरली मनोहर मंदिर से लक्ष्मण शर्मा एवं पिपलेश्वर गणेश मंदिर से संतोष काशिव मौजूद रहे. अतिथियों का स्वागत मानस गुप्ता, मयूर सेन, दिनेश मकवाना, अर्पित तायल, उज्जवल चौरसिया, कृष्णा विजयवर्गीय एवं अंकुर मित्तल ने किया. विशेष अतिथि राजेश अग्रवाल ने सनातनी संगठन पर विशेष प्रकाश डाला. हनुमान चालीसा पाठ में चक्की वाले महादेव मंदिर मंडल के राकेश चौहान, राजकिशोर शर्मा (पप्पू), प्रशांत वर्मा ने अपनी विशेष स्वर लहरियों से समां बांध दिया. हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया गया. आयोजन में विनोद गर्ग, राधेश्याम सोलंकी, सुखराम सेन, नवीन दादू, जितेन गोयल, सुधीर खंडेलवाल, संजय विजयवर्गीय, कुणाल यादव, राजकिशोर अग्रवाल, श्रीराम चौरसिया, अमित बंसल, सूचित बंसल, गोलू वर्मा, नितेश शर्मा आदि का सराहनीय सहयोग रहा. संचालन अंकुश चिड़वाल ने किया, आभार श्रीमती नीता नवीन दादू ने व्यक्त किया.

## पत्नी मायके में, पति ने फांसी लगाई, अस्पताल में तोड़ा दम

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र के निरंजनपुर में 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि 20 वर्षीय मृतक नयन पिता राम सिंह राय रात में अपनी किराना दुकान से घर लौटा था. करीब साढ़े नौ बजे उसके भाई मयंक ने उसे कमरे में फंदे पर लटका हुआ देखा. परिजनों ने तुरंत उसे नीचे उतारा, तब तक उसकी सांसें चल रही थीं. उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया.

परिजनों ने पुलिस को बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. नयन ने करीब एक साल पहले प्रेम विवाह किया था. घटना के समय उसकी पत्नी मायके में थी, जबकि माता पिता किसी कार्यक्रम में गए हुए थे. प्रारंभिक जांच में पति पत्नी के बीच विवाद की आशंका जताई जा रही है. मामले में परिजनों के बयान लेकर कारणों की जांच कर रही है.

## जंगल में तेंदुओं का आतंक : दो किसानों पर किया हमला

▶ सांवेर और महू क्षेत्र की घटनाएं, वन विभाग अलर्ट

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** जिले के दो अलग-अलग तहसीलों के जंगलों में तेंदुओं के हमलों से दहशत फैल गई. गुरुवार शाम से शुक्रवार सुबह के बीच हुए तेंदुओं के इन हमलों में दोनों घायल किसानों का नाम अर्जुन है. दोनों ने हिम्मत दिखाते हुए तेंदुओं का सामना किया और अपनी जान बचाई. जानकारी के अनुसार, सांवेर तहसील के सुलाखेड़ी गांव में 34 वर्षीय किसान अर्जुन पिता मांगीलाल पर तेंदुए ने हमला किया. जबकि महू तहसील के कुशलगढ़ जंगल में डमाली गांव के 57 वर्षीय किसान अर्जुन पिता दरियावसिंह पर भी तेंदुए ने हमला कर दिया. दोनों ही मामलों में किसानों ने हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए से मुकाबला किया और उसे खदेड़ दिया. घायल किसानों को इलाज के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल और महू के मध्य भारत अस्पताल में भर्ती कराया है. इलाज के दौरान वन विभाग ने वन्यजीव हमले में मिलने वाले मुआवजे की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. फॉरेस्ट रेंजर संगीता ठाकुर ने बताया कि घटना के बाद सुलाखेड़ी क्षेत्र में पिंजरा लगाकर गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि तेंदुए को पकड़कर इलाके में सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.



## वॉशरूम में स्पाई कैमरा लगाकर वीडियो बनाता था सफाईकर्मी

▶ ऑफिस के कॉमन वॉशरूम में छुपाया था कैमरा

▶ मोबाइल में मिले कई आपत्तिजनक वीडियो

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक ऑफिस के कॉमन वॉशरूम में स्पाई कैमरा लगाकर वीडियो बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. यह करतूत वहां का सफाई कर्मचारी ही कर रहा था. पुलिस ने मामले में आरोपी सफाईकर्मी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.



थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि जंजीरवाला स्क्वायर स्थित ग्रेविटी टॉवर (301) में शुक्रवार 3 अप्रैल को वॉशरूम में छुपा कैमरा मिलने की शिकायत मिली थी. इसके बाद ऑफिस प्रबंधन ने आंतरिक जांच की, जिसमें आरोपी की पहचान अमर टेकरी पर रहने वाले 19 वर्षीय शुभम वानखेड़े के रूप में हुई. बताया गया कि आरोपी ऑफिस में स्वीपर का काम करता था और वॉशरूम की सफाई के दौरान उसने गुप्त रूप से कैमरा फिट कर दिया था.

जांच के दौरान उसके मोबाइल फोन में वॉशरूम के कई वीडियो मिले,

## 2 .40 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ 4 धराए



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** क्राइम ब्रांच इंदौर ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 2.40 लाख रुपए कीमत की 24.08 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की. साथ ही एक कार और चार मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं.

▶ आरोपियों में इवेंट ऑर्गेनाइजेशन का काम करने वाली एक महिला भी

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि यह कार्रवाई मंगल परिसर गार्डन के पीछे कनकेश्वरी खाली मैदान क्षेत्र में की गई. टीम को एक सफेद वरना कार संदिग्ध हालत में खड़ी दिखाई दी. जांच करने पर कार में एक महिला सहित चार लोग बैठे मिले. पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर तलाशी ली गई, जिसमें कार के सीलिंग बॉक्स से एमडी ड्रग्स बरामद हुई.

एक नजर में ▶ समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न

## आलीराजपुर में एचपीवी टीकाकरण की कम गति पर कलेक्टर नाराज

**आलीराजपुर।** कलेक्टर ऑफिस के सभाकक्ष में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरण, खाद्यान्न वितरण, एचपीवी वैक्सीन की स्थिति, जल गंगा संवर्धन अभियान सहित विभिन्न विषयों पर विभागवार समीक्षा की गई और संबंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत संघमित्रा गौतम, सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान कलेक्टर माथुर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर नियमानुसार आर्थिक दंड लगाया जाएगा। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों के संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए तथा साथ ही सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपनी रैंकिंग सुधारकर ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खाद्य विभाग के साथ समन्वय कर खाद्य विभाग से संबंधित अवैध कार्यों पर सक्रिय कार्रवाई करने तथा पीडीएस केंद्रों पर खाद्यान्न वितरण हेतु अभी से निगरानी रखने के निर्देश दिए। एचपीवी वैक्सीन अभियान की धीमी प्रगति पर कलेक्टर माथुर ने नाराजगी जताई और लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं होने पर सीएमएचओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित करते हुए कहा कि टीकाकरण अभियान में तेजी लाई जाए। ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद सीईओ और नगर परिषद सीएमओ को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाएं अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### तहसीलदारों को भी दिए निर्देश...

कलेक्टर माथुर ने तहसीलदारों को फार्मर रजिस्ट्री कार्य में अनिवार्य रूप से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को व्यक्तिगत प्राथमिकता के रूप में लें। आकांक्षी ब्लॉक उदयगढ़ एवं कट्ठीवाड़ा में संचालित संपूर्णता अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। एफएमडी टीकाकरण में लक्ष्य पूरा नहीं करने पर उप संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और निर्देश दिए कि अधिकतम टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा जनपदवार की। एक एक जनपद सीईओ से जनपदों ममें किए गए कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने 19 मार्च से अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम को अभियान के तहत किए गए कार्यों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।